दिन–रविवार दिनांक– 01 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुवनेश्वर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन के अंतिम दिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की।

02. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आशा व्यक्त की– भारत वर्ष दो हजार तीस तक एड्स से मुक्त हो जाएगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विमेंस एशियन हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी की विजेता भारतीय महिला खिलाड़ियों, मुख्य प्रशिक्षक और सपोर्टिंग स्टाफ को सम्मानित किया।

04. और, पटना में आयोजित फुल मैराथन का खिताब इथियोपिया के एन.के. गुरुमोसा ने जीता।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भुवनेश्वर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन के अंतिम दिन देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य रूप से साइबर अपराध, तटीय सुरक्षा और माओवादी उग्रवाद से निपटने पर विचार किया गया। सम्मेलन में गृह मंत्री अमित शाह, गृह सचिव गोविंद मोहन, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए कार्यनीतिक उपायों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। शीर्ष पुलिस अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ कृत्रिम मेधा तथा ड्रोन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियां और आतंकवाद से निपटने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री और प्रमुख अधिकारियों ने पुलिस के सामने आने वाले, परिचालन और बुनियादी ढाँचे से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन में देश के विभिन्न सुरक्षा संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए आगामी वर्ष के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया। प्रधानमंत्री भुवनेश्वर की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर दिल्ली लौट आए हैं।

————————————————————

आज विश्व एड्स दिवस है। यह दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर प्रदान करता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों से एचआईवी एड्स संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और संक्रमित व्यक्तियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने की अपील की।

———बाईट———

यह दिवस अपने आप को एचआईवी से प्रोटेक्ट करने के लिए भी कमिटमेंट है जो एचआईवी के साथ जी रहे हैं उनको हम सामान्य जीवन में अपने साथी के रूप में देखें। आज का थीम है टेकिंग द राइट्स पाथस यानी लोगों को उनके अधिकारों के साथ उस रास्ते पर ले जाना है जो मुख्यधारा में उनका शामिल कर सके इसको भी ध्यान में रखने का दिवस है।

श्री नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने एचआईवी सुरक्षा अधिनियम दो हजार सत्रह के माध्यम से संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी भेदभाव को रोकने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जांच और उपचार की नीति पर अमल किया है। इसके परिणाम स्वरूप अब देश में एड्स से होने वाली मौतों में उनासी प्रतिशत की कमी आई है। श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने इस बीमारी की सबसे सस्ती और कारगर दवा बनाने में सफलता भी प्राप्त की है। स्वास्थ्य मंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत वर्ष दो हजार तीस तक इस बीमारी से मुक्त हो जाएगा। इस मौके पर प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी दो हजार चौबीस की विजेता टीम इंडिया को आज सम्मानित किया। टीम के मुख्य कोच हरेन्द्र सिंह, कप्तान सलीमा टेटे सहित विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को दस—दस लाख रूपये और टीम के सपोर्टिंग स्टाफ को पांच—पांच लाख रूपये की नकद सम्मान राशि मुख्यमंत्री ने प्रदान की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर पटना के बापू टॉवर में समारोह का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में राज्य का सर्वांगीण विकास हुआ है। श्री ठाकुर आज नवादा में पार्टी की ओर से आयोजित जिला सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य मे शराबबंदी कानून लागू कर सभी को राहत पहुंचायी है। सम्मेलन को सूचना और जन संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान के साथ अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।

——————————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री झा ने समस्तीपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि बजट में बिहार को आवंटित साठ हजार करोड़ रूपये की विशेष सहायता से प्रदेश में विकास कार्यों को तेज करने में मदद मिली है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि अगले साल पेश होने वाले बजट में भी बिहार को भरपूर धन राशि मिलेगी।

———बाईट———

——————————————————————————————

बेगूसराय स्थित राष्ट्रीय फैशन औद्योगिक केन्द्र में जीविका दीदियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उपमुख्यमंत्री सम्राट .चौधरी ने जीविका दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

——————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज अररिया और किशनगंज को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बत्तीस करोड़ रूपये से अधिक की सौगात दी। अररिया के सदर अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने इक्कीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से

बने एक सौ शैय्या वाले मातृ–शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने रिमोट के माध्यम से किशनगंज के खानियाबाद में एक करोड़ सत्ताईस लाख की लागत से बने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन किया। श्री पांडेय ने अररिया जिला के चौदह स्वास्थ्य उपकेंद्र और हेल्थ वेलनेस सेंटर के साथ किशनगंज जिला के विभिन्न स्थानों पर बनने वाले आठ स्वास्थ्य उपकेंद्र और हेल्थ वेलनेस सेंटर का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह और फारबिसगंज के विधायक विद्यासागर केशरी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

————————————————————————

नशामुक्ति का संदेश देने के लिए आज भारतीय स्टेट बैंक और मद्य निषेध विभाग की ओर से पटना के गांधी मैदान से जे.पी गंगा पथ तक फुल और हाफ मैराथन सहित विभिन्न श्रेणियों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुल मैराथन का खिताब इथियोपिया के एन.के. गुरुमोसा ने जीता। जबकि दूसरे स्थान पर ए.सेगाय रहे वहीं, हरेन्द्र चौहान ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। मैराथन दौड़ मे लगभग दस हजार लोग शामिल हुए। मशहूर बैंडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपियन सायना नेहवाल, राज्य के मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा ने हरी झंडी दिखा कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सायना नेहवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से नशे के खिलाफ लोगों में जागरूकता बढ़ाने मे मदद मिलती है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने का भी आह्वान किया।

———बाईट———

मैराथन में जिला प्रशासन और मद्य निषेध विभाग के अधिकारियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आये धावकों ने भाग लिया। महिलाओं की फुल मैराथन में सेनेथ कैफलेन लेशार्ज, जेनात शिकूर राशिद और बिसले गाई ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

————————————————————————

सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए रैली बीस से सत्ताईस दिसम्बर तक दानापुर में आयोजित की जायेगी। इसमें पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली के चयनित युवा शामिल हो सकेंगे। सेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीस से

छब्बीस दिसम्बर तक केवल पुरूष अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होंगे जबकि सत्ताईस दिसम्बर को महिला उम्मीदवारों की रैली आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

पटना के गांधी मैदान में कृषि विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला के तीसरे दिन बड़ी संख्या में किसान इसमें भाग ले रहे हैं। मेला में सरकार की ओर से किसानों को विभिन्न प्रकार के कृषि यत्रों की खरीददारी पर अनुदान का लाभ भी दिया जा रहा है। मेला परिसर में आज जलवायु परिवर्तन के विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पटना के कुल पन्द्रह विद्यालयों छात्रों ने भाग लिया। विजेता स्कूलों को प्रथम पुरस्कार के रूप में दस हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार में साढ़े सात हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार रूपये प्रदान किये गए। कल इस मेले का आखिरी दिन है।

———————————————————————

जय शाह ने आज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, आईसीसी के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया। जय शाह ने न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले का स्थान लिया है। शाह इसी साल अगस्त महीने में इस पद के लिए निर्विरोध चुने गए थे। वे आईसीसी में उच्च पद संभालने वाले पांचवें भारतीय हैं।

———————————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रोहतास के डेहरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार पटना और पूर्णियां जिले में मध्यम से घना स्तर का कुहासा सुबह के समय छाया रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया है कि अगले तीन दिनों के दौरान सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———बाईट———

———————————————————————

मधुबनी जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर आज कला संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डेढ़ हजार कलाकरों ने एक दिन में दो हजार मीटर पेंटिंग बना कर कीर्तिमान स्थापित किया।

———————————————————————————

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव में मिट्‌टी में दबकर चार बच्चियों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य बच्ची घायल हो गई। राजपुर के थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सरेंजा स्थित राजकीय बुनियादी स्कूल के पास बच्चियाँ टीले के पास मिट्‌टी खोद रही थी तभी मिट्‌टी भरभरा कर उन पर गिर पड़ी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने मलबे से निकाल कर सभी बच्चियों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चार बच्चियों की मौत की पुष्टि की गई।

———————————————————————————

मधुबनी जिला का आज बावनवां स्थापना दिवस है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का उद्‌घाटन किया।

———————————————————————————

अररिया जिले में पुलिस ने तीन अपराधियों को तीन पिस्तौल और पांच कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुवनेश्वर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन के अंतिम दिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की।
02. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्‌डा ने आशा व्यक्त की– भारत वर्ष दो हजार तीस तक एड्‌स से मुक्त हो जाएगा।
03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विमेंस एशियन हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी की विजेता भारतीय महिला खिलाड़ियों, मुख्य प्रशिक्षक और सपोर्टिंग स्टाफ को सम्मानित किया।
04. और, पटना में आयोजित फुल मैराथन का खिताब इथियोपिया के एन.के. गुरुमोसा ने जीता।

———————————————————————————

समाप्त हुआ।